प्रेषक,                                                                                     महत्वपूर्ण / ई–मेल

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक
परिषद से सम्बद्ध समस्त
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाऐं।

पत्रांकः प्राशिप / अनुभाग 06 / सम सेमे0 परी0 जून 2024 / 1047          लखनऊः दिनाँकः 18.05.2024

विषयः परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर परीक्षा, जून 2024 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं के परीक्षा फार्म भराये जाने एवं परीक्षा आवेदन पत्रों की हार्डकापी तथा परीक्षा शुल्क का ट्रेजरी चालान प्राप्त कराये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक परिषद कार्यालय द्वारा प्रेषित पत्र संख्या प्राशिप / अनु0–6 / परीक्षा फार्म / 2024 / 916 दिनांक 13 / 05 / 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर परीक्षा, जून 2024 के ऑनलाइन परीक्षा फार्म भराये जाने हेतु दिनांक 13 / 05 / 2024 से 18 / 05 / 2024 तक पोर्टल खोला गया था। उक्त के क्रम में सूचित किया जाता है कि परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर परीक्षा, जून 2024 में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र / छात्राओं के सम्बन्ध में निम्नानुसार निर्देशों का अनुपालन करते हुए वांछित कार्यवाही करने का कष्ट करें।

1. सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर परीक्षा, जून 2024, में सम्मिलित होने होने वाले छात्र / छात्राओं के परीक्षा आवेदनपत्र पूर्ववर्ती सेमेस्टर परीक्षा की भॉति ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा परिषद वेबसाइट www.bteup.ac.in के माध्यम से **दिनांक 18 / 05 / 2024 से दिनांक 25 / 05 / 2024 की रात्रि 12:00 बजे तक निर्धारित की जा रही है।**
2. सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर परीक्षा, जून 2024 में सम्मिलित होने की अनुमति उन्हीं छात्र / छात्राओं को दी जायेगी जिनके परीक्षा आवेदन ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा संस्था लॉगिन से अग्रसारित किये गये हों। प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा आवॅटित अनुक्रमॉक के बिना यदि किसी भी छात्र / छात्रा को परीक्षा में सम्मिलित कराया जाता है तो संस्था स्वयं उत्तरदायी होगी एवं छात्र / छात्रा की परीक्षा निरस्त कर दी जायेगी।
3. **परीक्षाफार्म को भरने वाले लिंक पर एक फार्म प्रदर्शित है। कृपया उसको सावधानी पूर्वक भरें, एक बार फार्म Submit होने के पश्चात उसमें संशोधन किया जाना सम्भव नहीं है। परीक्षा आवेदन पत्र अत्यन्त सावधानी पूर्वक अग्रसारित करें। किसी भी दशा में भरे गये आवेदन पत्र को हटाने / रिसेट का अनुरोध परिशद कार्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जायेगा।**
4. सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर परीक्षा, जून 2024 के छात्र / छात्राओं के परीक्षा आवेदनपत्र पृथक–पृथक विवरण के अनुसार परिषद कार्यालय में प्राप्त कराये जायें। जिसका उल्लेख संलग्न **प्रारूप – 1** में स्पष्ट रूप से किया जायें।
5. प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध संस्थाओं में सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के परीक्षा शुल्क, अंकतालिका शुल्क एवं परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क की धनराशि निम्नवत् हैः–

| **कमांक** | **मद** | **धनराशि** |
|---|---|---|
| 1. | सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर परीक्षा, जून 2024 द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ्म सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं के परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क एवं अंक तालिका शुल्क की ली जाने वाली धनराशि। | रू0 – 420 / – प्रति छात्र / छात्रा प्रति सेमेस्टर |
| 2. | वार्षिक पद्धति द्वारा संचालित पाठ्यक्रम डिप्लोमा इन फार्मेसी की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं के परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क एवं अंकतालिका शुल्क की धनराशि। | रू0 – 570 / – प्रति छात्र / छात्रा (प्रथम वर्ष)<br>रू0 – 570 / – प्रति छात्र / छात्रा (प्रथम वर्ष) |
| 3. | सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर परीक्षा, जून 2024 | रू0 – 200 / – दो विषयों तक |

| | | |
|---|---|---|
| | (द्वितीय / चतुर्थ एवं षष्ठ्म सेमेस्टर) के छात्र / छात्राओं तथा वार्षिक पद्धति के अन्तर्गत परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं के एक या दो विषय में बैक होने पर बैक पेपर परीक्षा हेतु ली जाने वाली कुल धनराशि। | एवं दो विषयों से अधिक बैक पेपर होने पर प्रत्येक विषय हेतु रू0 – 100 / – की दर से अतिरिक्त परीक्षा शुल्क। |
| 4. | सम सेमेस्टर परीक्षा / वार्षिक परीक्षा जून 2024 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं के परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क एवं अंक तालिका शुल्क की ली जाने वाली धनराशि। | रू0 – 370 / – प्रति छात्र / छात्रा प्रति सेमेस्टर |

6. संस्था प्रधानाचार्य द्वारा ऑनलाइन भराये गये परीक्षा आवेदनपत्रों का परीक्षा शुल्क विवरण **प्रारूप–2** में भरकर अवश्य प्राप्त करायें।
7. यहॉ यह भी अवगत कराना है कि उक्त परीक्षा के परीक्षाफार्म संस्था लॉगिन पर उपलब्ध है। आपको स्पष्ट रूप से सूचित किया जाता है कि निर्धारित परीक्षा शुल्क जैसा कि ऊपर अवगत कराया गया है, के अनुसार संलग्न चालान प्रारूप पर राजकोष में समयान्तर्गत जमा करना सुनिश्चित करें, साथ ही चालान की मूल प्रति प्रारूप–1 एवं प्रारूप 2 के साथ परिषद को भी प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
8. यहॉ यह भी अवगत कराना है कि वर्तमान में विषम सेमेस्टर परीक्षा, दिसम्बर 2023 के डिजिटल पुनर्मूल्यॉकन का कार्य प्रचलित है। जिन छात्र / छात्राओं का विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2023 के विषयों में परीक्षाफल अनुत्तीर्ण प्रदर्शित है, ऐसे सभी छात्र / छात्राओं का अनुत्तीर्ण विषय सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर परीक्षा, जून 2024 के परीक्षा फार्म बैक पेपर में प्रदर्शित किया गया है। विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2023 के पुनर्मूल्यॉकन का परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर परीक्षा, जून 2024 के प्रवेश पत्र एवं नामावली में पुनर्मूल्यॉकन के परीक्षाफल के आधार पर संशोधन परिषद द्वारा कर दिया जायेगा।

अतः निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए समयान्तर्गत अपनी संस्था में अध्ययनरत समस्त छात्र / छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in के माध्यम से भराना सुनिश्चित करें। परीक्षा आवेदन पत्र भरने की निर्धारित तिथि 25 / 05 / 2024 के पश्चात किसी भी दशा में तिथि विस्तारित नहीं की जायेगी।

**नोटः संस्था द्वारा सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर परीक्षा, जून 2024 में सम्मिलित छात्र / छात्राओं के ऑनलाइन भराये गये परीक्षा आवेदनों की सूची डाउनलोड करने का आप्शन उपलब्ध है। सूची डाउनलोड करते हुए एक प्रति परिषद की ई0 मेल0 आई0 डी0 upbteanu6@gmail.com (डाउनलोड फाइल का नाम–संस्था कोड के आधार पर प्रेषित करें, उदाहरण– 100) पर भी प्रेषित करना सुनिश्चित करें।**

**संलग्नकः उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0सं0ः प्राशिप / अनु0–6 / सम सेमे0 परी0 जून 2024 / 1048–51 तद्दिनांकः 18 / 05 / 2024

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के अवलोकनार्थ सादर प्रेषित।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त की सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)

**प्रारूप – 1**

कार्यालय सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

परिषद द्वारा आयोजित की गयी सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर परीक्षा, जून 2024 की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के ऑनलाइन भरे गये परीक्षा आवेदन पत्रों का विवरण।

संस्था कोड :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |

संस्था का नाम ........................................................................................................................

| सेमेस्टर पद्यति | | | | | वार्षिक पद्यति | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रमॉक | पाठ्यक्रम कोड एवं नाम | द्वितीय/चतुर्थ/षष्ठ्म सेमेस्टर, बैक पेपर। | छात्र/छात्राओं की संख्या | छात्र/छात्राओं की संख्या | प्रथम वर्ष छात्र/छात्राओं की संख्या | द्वितीय वर्ष छात्र/छात्राओं की संख्या | बैक पेपर छात्र/छात्राओं की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

(प्रधानाचार्य)
हस्ताक्षर एवं मुहर।

**प्रारूप – 2**

कार्यालय सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

परिषद द्वारा आयोजित की गयी सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर परीक्षा, जून 2024 की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा शुल्क एवं अंकतालिका शुल्क (ट्रेजरी चालन की मूल प्रति) जमा कराये जाने का विवरण।

संस्था कोड :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |

संस्था का नाम ..........................................................................................................................

| क्रमॉक | द्वितीय सेमेस्टर/चतुर्थ सेमेस्टर/षष्ठ्म सेमेस्टर एवं बैक पेपर परीक्षा | छात्रों की कुल संख्या। | परीक्षा दर | कुल धनराशि | ट्रेजरी चालान संख्या एवं तिथि | कोषागार जमा की गयी कुल धनराशि एवं कोषागार का नाम जनपद सहित। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

(प्रधानाचार्य)
हस्ताक्षर एवं मुहर।